Postal Registration No. CHD/0107/2018-2020 Posted at MBU Chandigarh RNI No. CHABIL/2000/3469

हिन्दी/अंग्रेजी मासिक पत्रिका

दीन बन्धु सर छोटूराम

जाट लहर

जाट सभा, चण्डीगढ़ के सौजन्य से प्रकाशित

वर्ष 19 अंक 07 30 जूलाई, 2019 मूल्य 5 रुपये

प्रधान की कलम से

शांति के दूत, राष्ट्र में अशांति



डा. महेन्द्र सिंह मलिक

हमारा प्यारा भारत देश निसंदेह ऐसियाई देशों की श्रंखला में विकास के प्रगति पथ पर है। यह भी वास्तविकता है कि कूनन व्यवस्था एवं देश में सदभावना व शांतिपूर्ण वातावरण ही विकास की कुंजी है लेकिन आज तथ्य दर्शाते हैं कि देश की कानून व्यवस्था चरमरा गई है व पूरे राष्ट्र में दिन प्रतिदिन आंतरिक सुरक्षा का वातावरण खराब होता जा रहा है। पिछले गत वर्षों के प्रैस में दिए गए आंकड़ें दर्शाते हैं कि सशस्त्र सेनाओं के 4600 जवान उग्रवादी, तालिबानी, नक्सलवादी हमलों में अपने प्राणों की आहूति दे चुके हैं और 13500 निर्दोष नागरिक तथा 15937 उग्रवादी भी अपनी जान गंवा चुके हैं।

वर्ष 2016 में 322 सैनिक और 82 सुरक्षा कर्मी शहीद हुए। वर्ष 2017 में 342, वर्ष 2018 में 705 तथा 2019 में 347 तथा केवल पुलवामा हमले में 40 सुरक्षा कर्मी शहादती जामा पहन वतन को ग णी कर गए। हमारे जांबाज सैनिकों ने बालाकोट में हवाई हमला कर आतंकी ठिकाने को नेस्तनाबूत कर बदला लिया जिसमें बहुगणना में आंतकी ढेर हुए। सरकार ने कई बार सौहार्द का हाथ पाकिस्तान की ओर बढ़ाया है लेकिन वहां के हुक्मरान सैनिकों ने सदा उल्टा उत्तर ही दिया। पाकिस्तान में छुपे बैठे आतंकी आका मसूद अजहर ने हरकत उल्ल मुजाहद्दीन दहशतगर्त संगठन से वित्तीय सहायता पाकर सोमालिया का दौरा यमन में 2000 में तालिबानों की मदद से जैश ए मोहम्मद संगठन खड़ा किया जिसकी पुष्टि संयुक्त राष्ट्र ने प्रतिबंध से की लेकिन 2001 में इसी संगठन ने भारतीय संसद पर हमला किया और आज तक पाकिस्तान ने उस पर कोई कार्यवाही नहीं की लेकिन श्री कुलभूषण जाधव की अवैध सजा पर पर्दा डालने हेतू केवल गत सप्ताह उसे गिरफ्तार किया गया है।

भारत सरकार द्वारा बगों से बलात्कार के मामलों मं फंसी की सजा दिए जाने का प्रावधान किए जाने के बाद हाल ही में समाचार पत्रों के अनुसार उत्तर प्रदेश के कनौज में एक पुरूष ने 11 वर्षीय अपनी भतीजी के साथ बलात्कार किया। मुरादाबाद और मुजफ्फ्रनगर में तीन बगों के साथ यौन शोषण हुआ। रामपुर में 7 साल की बच्ची के साथ बलात्कार किया। मध्य प्रदेश के महानगर इंदौर में 20 अप्रैल 2018 को फुटपाथ पर सो रही चार महीन की बगी को चुपचाप उठा लिया गया। उस मासूम के साथ बलात्कार किया गया और उसका सिर पटक-पटक कर उसकी हत्या कर दी गई। उस बच्ची का परिवार राजबाड़ा में गुब्बारे बेचकर जीवनयापन करता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार भारतवर्ष में 2001 से 2016 के बीच बगों के प्रति होने वाले अपराधों में 889 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इन 16 सालों में बगों के प्रति अपराध 10814 से बढ़कर 106958 हो गए।

भारत की राजधानी दिल्ली में ही ये अपराध वर्ष 2001 में 912 से बढ़कर वर्ष 2016 में 8178 हो गए। कर्नाटक में ऐसे दर्ज अपराधों की संख्या 72 से बढ़कर 4455 (6088 प्रतिशत), ओडिशा में 68 से बढ़कर 3286 (4582 प्रतिशत), महाराष्ट्र में 1621 से बढ़कर 14559, उत्तरप्रदेश में 3709 से बढ़कर 16079 (334 प्रतिशत) और मध्य प्रदेश में 1425 से बढ़कर 13746 (865 प्रतिशत) हो गई। इन 16 सालों में भारत में बगों के प्रति अपराध के कुल 595089 मामले दर्ज हुए। वर्ष 2001 से 2016 के बीच से 16 वर्षो में भारत में बगों के बलात्कार और यौन अपराध के केल 153701 मामले दर्ज किएगए जहां बगों से बलात्कार और गंभीर यौन उत्पीड़न (पाक्सो के तहत) सबसे ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं। हाल ही में केंद्रीय केबिनैट ने बगों के खिलाफ अपराध से निपटने वाले पाक्सो कानून में संशोधनों को मंजूरी दी और बगों के खिलाफ यौन अपराध करने वालों को मृत्युदंड देने का प्रावधान शामिल किया है। इन संशोधनों से बाल यौन उत्पीड़न पर अंकुश लगने की उम्मीद है क्योंकि कानून में शामिल किए गए मजबूत दंडात्मक प्रावधान निवारक का काम करेगें। मृत्युदंड की सजा के अलावा चाइल्ड पोर्नोग्राफी जैसे अपराधों के लिए जुर्माना और जेल की सजा का प्रावधान किया गया है। सरकार का मानना है कि सजा ही बगों के प्रति होने वाले अपराध में कमी जा पाएगी। इसी कड़ी में पाक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं में भी संशोधन किया गया है। जिससे इस तरह के अपराधों पर तत्काली और मृत्युदंड जैसी कड़ी

शेष पेज–2 पर

शेष पेज–1

सजा दी जाएगी। इसमें प्राकृतिक आपदा के दौरान बगों के साथ यौन अपराध जैसे मामले आते हैं। भारत के चीफ जस्टिस रंजन गोगोई, जस्टिस दीपक गुप्ता और अनिरूद्ध बोस की पीठ ने कहा कि इस साल एक जनवरी से 30 जून के बीचदेशभर में बगों के बलात्कार के मामले में 24212 एफआईआर दर्ज हुई है।

सर्वोच्च न्यायालय ने वस्तु स्थिति का संज्ञान लिया और जनवरी से 30 जून तक बगीयों से बलात्कार के 24212 मामले दर्ज हुए, जिनमें से 11981 मामलों में जांच चल रही है। पुलिस अभी तक 12231 मामलों में चार्जसीट दाखिल कर पाई है। ट्रायल में अभी तक मात्र 900 मामलों में पूर्ण हुआ है और फैसला आया है। धिमी न्यायिक प्रणाली पर न्यायालय ने चिंता जताई है। लेकिन न्यायालयो में अधर में ही लटके हैं। अब न्यायालय के संज्ञान से शायद कुछ राहत मिले । आज भी सर्वोपरि है कि जनता की सोच बदले। कन्या किसी का कुछ लेती नहीं और लड़का किसी को कुछ देता नहीं। अगर लड़की शादी हो कर चली जाती है तो लड़का अपनी नौकरी या व्यवसाय में घर से निकल जाता है।

आज हर जगह कानून अव्यवस्था का माहौल देखा जा सकता है। कहीं पत्थरबाजी हो रही है, कहीं गोलीबारी तो कहीं गुरीला हमले, जिसका खामियाजा रणबांकुरे अपने प्राणों की आहूति देकर उठा रहे हैं। आतंकियों और पत्थरबाजों के लिए मानवाधिकार और राजनैतिक दल जनता को गुमराह कर लाभबद्ध कर देते हैं जिससे रणबांकुरों को सीमा के साथ-साथ राष्ट्र के आंतरिक मामलों में भी उलझना पड़ता हैं। राष्ट्रीय एकता अखंडता और भाईचारे को तो नुकसान होता ही है। राष्ट्रीय संसाधनों को भी नुकसान पहुंचाया जाता है।

कहीं नक्सली हमले हो रहे हैं क्योंकि अधिकतर राज्यों में नक्सलवाद फैल चुका है। रोहिंज्या और बांगलादेशियों को पनाह दी जा रही है। यहां भी विडंबना है कि वे अपने देश से गैर कानूनी कार्यवाही के कारण निकाले गए हैं और भारत के ना केवल सीमांत राज्यों बल्कि जम्मू काश्मीर तक उन्हे बसाया जा रहा है। उनके लिए राशन कार्ड, आधार कार्ड, नौकरियां तथा मकान तक की व्यवस्था की जा रही है। अपने नागरिकों की अनदेखी की जा रही है। ऐसे नागरिक अपने हकों से वंचित होकर हिसंक मार्ग पर उतरते हैं तो सबको पीड़ा होती है। भारत सरकार ने कुछे प्री-फैब्रीकेटिड मकान बर्मा को दिए भी हैं ताकि वे अपने विस्थपित नागरिकों को बसा सकें। जम्मू काश्मीर के निकाले गए लोगों को पुनः स्थापित करने की आवश्यकता है ।

आज राष्ट्र में सस्ती और नकली शराब से लोग मर रहे हैं तथा चिट्टा एक नया जहर नशा है जिसका प्रसार कुछ वर्षो में अत्याधिक हुआ है। हरियाणा में भी युवा तेजी से नशे के चपेट में आ रहे हैं। इसका उदाहरण पिछले साल हुई भर्ती में देखने में मिला था जहां कई युवा नशे में लिप्त पाए गए थे। हरियाणा सरकार द्वारा पी जी आई एम एस रोहतक में चलाए जा रहे नशामुक्ति केंद्र के आंकड़ों के मुताबिक हरियाणा में पिछले 6 वर्षो में नशीले पदार्थो का सेवन करने वाले युवाओं की संख्या में चार गुना बढौतरी हुई है। समय रहते इनके लिए कदम नहीं उठाए गए तो हरियाणा का भविष्य एक तरह से अंधकार में जाना तकरीबन तय है। वर्ष 2016 में फिल्म 'उड़ता पंजाब' में पंजाब की ड्रग समस्या को दिखाया गया था लेकिन पड़ोसी राज्य हरियाणा की तस्वीर चिंताजनक हाते हुए भी इस पर बहुत कम चर्चा होती है। राज्य में 35 वर्ष की आयु के 20 लोगों को रोजाना ड्रग की लत छड़ाने के लिए नशामुक्ति केंद्र में भर्ती किया जाता है। हर रोज नशे से मरने वालों की संख्या पंजाब में 186 और हरियाणा में 76 आंकी गई है। राज्य में जनवरी से लेकर मई 2019 तक केवल 5 महिनों में ड्रग के 918 मामले दर्ज हुए जिनमें 1129 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

एन डी पी एस एक्ट के तहत जेल में बंद कुल बंदियों में 15 प्रतिशत बंदी ऐसे हैं जो जेल में बंद होने से पहले नशा खरीदते-बेचते रहे हैं या खुद भी नशा करते रहे हैं। हालांकि इस एक्ट के तहत आरोपी के दोष साबित होने पर 10 साल की सजा का प्रावधान है लेकिन फिर भी युवा पीढ़ी नशे की लत में जकड़ती जा रही है। हरियाणा के जो गांव पंजाब सीमा के साथ सटे हैं वहां पर नशे का कारोबार ज्यादा है। एक रिपोर्ट के अनुसार सड़कों पर रहने वाले बगो खतरनाक से खतरनाक नशे का सेवन करते हैं। केवल राजधानी दिल्ली में 20 हजार ऐसे बगो हैं जो कि तंबाकूखाते हैं। इसके साथ ही नशे के शिकार बगों ने शराब पीने वाले 9450 भांग-गांजा पीने वाले 5600, हिरोईन का सेवन करने वाले 840 और अन्य प्रकार के नशे का सेवन करने वाले 7910 शामिल हैं। दिल्ली से सटे एन सी आर में 15 साल की उम्र पार करते ही किशोरों को नशे के आदि बनाने के लिए कारोबारी सक्रिय हो जाते हैं। यहां तक कि पुलिस कर्मचारी भी नशाखोरी से अछुते नहीं हैं। हरियाणा में पुलिस कर्मचारियों की संख्या 45 हजार से उपर है। इसके इलावा 4 से 5 हजार महिला पुलिस कर्मचारी भी हैं। एक अनुमान के मुताबिक 30 से 40 प्रतिशत पुलिस कर्मी शराब का सेवन

जुआ सुख, संपत्ति और समय इन तीनों का, जो जीवन के लिए अति मूल्यवान है, नाश करता है। –अज्ञात

कर रहे हैं। यह गंभीर चिन्ता का विषय है।

इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं है कि भारतवर्ष में कानून व्यवस्था चरमराई हुई है। एक आर टी आई के अनुसार अकेले जम्मू काश्मीर में अलगाववादियों की सुरक्षा पर वार्षिक 10 करोड़ रूपयों का खर्च होता है, जो ऐश करते हैं भारतीय संसाधनों पर और गुणगान पाकिस्तान का करते हैं। भारतीय सुरक्षा कर्मियों से सुरक्षा लेते हैं और उन्ही पर छींटाकशी करते हैं। यहीं नहीं उन्ही पर ही पत्थरबाजी करवाते हैं। आतंकी, अलगाववादी और नक्सली जिन कानूनों की धगियां उड़ाते हैं, पकड़े जाने पर उन्ही का सहारा लेकर छू भी जाते हैं और उल्टा उन्ही शूरवीर राष्ट्र प्रेमियों की सुरक्षा की गुहार लगाते हैं। सबसे बड़ी विडंबना यह भी है कि लोगों के बगों को गुमराह कर पत्थरबाजी करवाने वालों के बगो विदेशों में अच्छी से अच्छी शिक्षा ग्रहण करते हैं। वास्तविकता यही है कि स्वार्थी और मौका प्रस्त राजनेतओं की वोट की राजनीति आंतरिक सुरक्षा में मुख्य बाधा हैं। वर्ष 1994 में सुरक्षा बलों के खिलाफ 977 शिकायतें दर्ज करवाई गई जिनमकें से 965 की जांच हुई और 940 आरोप गलत साबित हुए। अतः शिकायतें ही झूठी थी। राजनैतिक आकाओं का अलगाववादियों और नक्सलवादियों का खुला प्रश्रय है यानि बाड़ ही जिस खेत को खा रही है, उस खेत का आलम क्या होगा?

राष्ट्र में निरंतर बढ़ रही बेरोजगारी और युवा वर्ग को असुरक्षा एवं भविष्य का अंधकारमयी होना ही इस कुमार्ग पर लने को बाध्य करता है और मौकाप्रस्त राजनेता अपनी रोटियां सेकता है। छत्तीसगढ़ का सुकमा संगठन और हमला एक पुराने राजनैतिक दल का खुला समर्थन इसका उदाहरण है। हाल ही के उत्तरी भारत के मुख्यमंत्रियों की बैठक दिनांक 25-07-2019 को हुई लेकिन देखना है नशा मुक्ति के लिये कितनी लाभदायक सिद्ध होती हैं।

आज अपराध और अपराध जगत दोनों पुलिस की भी आसान कमाई का साधन हैं क्योंकि अपराध की जड़ें इतनी फैल चुकी है कि किसी भी सफेदपोश पर छींटें है, जिसके निदान हेतू पुलिस अकेले कुछ कर नहीं सकती। समाज के हर तबके को आगे आना होगा तभी कोई रोशनी की किरण दिखाई दे सकती है अन्यथा अंधेर नगरी, चौपट राजा की कथा कोई भुला नहीं सकता फ्रि भी इसका हिस्सा बने और अपनी बदकिस्मती पर रोयें। समाधान तो दूर की कौड़ी है। कोई लोहपुरूष ही इसका समाधान कर सकता है। तथ्य कोई झुठला नहीं सकता। मात्र वर्ष 2019 जुलाई तक के क्राईम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़े प्रत्यक्ष को प्रमाण नहीं, की कहानी पुकार रहे हैं जिनमें हत्या 440 यानि 36 प्रतिशत बढ़ौतरी, हत्या का प्रयास 345 यानि 18 प्रतिशत बढ़ौतरी, बलात्कार 611 यानि 18 प्रतिशत बढ़ौतरी, सामुहिक बलात्कार 63 यानि 40 प्रतिशत बढ़ौतरी, अपहरण और उठाईगिरी 1368 यानि 42 प्रतिशत बढ़ौतरी, डाके 68 यानि 12 प्रतिशत बढ़ौतरी, लूट और राहजनी 331 यानि 22 प्रतिशत बढ़ौतरी। इसके अलावा औरतों पिछड़े जातियों तथा बगों के विरूद्ध अपराधों में बेशुमार वृद्धि हुई है। ऐसी दशा रदातोरात तो नहीं हुई क्योंकि कमोवेश अपराध आदिकाल से मानव के साथ रहा है। कीाी जिसकी लाठी उसकी भैंस भी रही, कभी आदि मानव बाहूबल पर कबीले का सरदार रहा लेकिन आधुनिक युग में अपराधें का बढना चिंता का विषय है जिसके लिए अकेला कोई भी जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता अलबता राजनीति में अपराध की पृष्ठभूमि से करीब सभी दलों में है। कुछेक गलत राजनैतिक निर्णयों से देश में अस्थिरता का माहौल बना जो समय रहते सुधारा नहीं गया और पड़ोसी देश की काग दृष्टि शुरू से ही कश्मीर मुद्दे पर थी। तब के हुकमरानों ने अपनी भूल सुधार हेतू कोई कदम नहीं उठाया और घाटी जल उठी। ना जाने समाधान कब और कौन निकालेगा। पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशरफ ने अलगाववादियों को सहायता देने की मान भी ली थी कि उनका देश उन्हे धन तथा ट्रैनिंग दोनों उपलब्ध करवाता है। वर्ष 1989 से 2009 तकअंदाजन 47000 लोगों की जान गई जिनमें 7000 पुलिसकर्मी भी हैं। यह छदम युद्ध आज भी जारी है। पुलवामा में आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर 40 पुलिस कर्मी मारे गए जिसका बदला बालाकोट में हमारे सैनिकों ने हवाई सट्राइक कर ट्रैनिंग कैंप नेस्तनाबूत कर दिया। अपुष्ट 3000 के करीब अपराधी मारे गए। वर्ष 1974 से 2017 तक भारत में 12002 आतंकी हमले हुए जिनमें 19866 हताहत तथा 30544 जख्मी हुए।

अपराध पर काबू पाने का सबसे बड़ा उपाय रोजी रोटी की व्यवस्था है जितनी जल्दी अधिकतम रोजगार सृजन हो सकता है, करें जिससे अपराध पर स्वतः अंकुश लगेगा। अगर समाज, राजनेता और सुरक्षा सैनिक मिलकर प्रयास करें तो भारत पुनः विश्व पर शांति की पताका फहरा देगा।

डॉ0 महेंद्र सिंह मलिक

आई.पी.एस. (सेवा निवृत)

पूर्व पुलिस महा निदेशक हरियाणा,

प्रधान अखिल भारतीय शहीद सम्मान संघर्ष समिति एवं

जाट सभा, चंडीगढ व पंचकुला

मेहनत की फसल आप ही काटेंगे, सदैव ऐसा नहीं होता। हम आम खाते हैं पर पेड़ हमने नहीं लगाए थे। –लोकमान्य तिलक

BHAKRA DAM: TEMPLE OF MODERN INDIA WAS FOUNDED BY CH. SIR CHHOTU RAM

-Dr. R.K. Rana, Rohtak

The idea of the construction of 'Bhakra Dam' was first conceived in 1908 by Sir Louis Dane, the Lt. Governor of the Punjab (Pre-Partition). He was on a visit to the princely state, Bilaspur, presently in Himachal Pradesh. While coming down the Satluj river in a boat his quick eyes noticed the narrow gorge with high structures on both sides and deep water. He at once felt that it was an ideal place for building a dam for water storage and generation of power.

Lt. Governor sent his views in this regard to the Punjab irrigation Deptt. Accordingly Executive Engineer H.W. Nicholson, prepared a plan envisaging the construction of a dam at Bhakra across the Satluj 390 feet high to extend irrigation to famine prone areas of South East Punjab especially of Hisar, Rohtak, Gurgaon and the then adjoining states of Patiala, Jind, Faridkot and Bikaner.

In 1919, estimates were completed. The total project cost was estimated at Rs. 14,44,74,926. The proposed height of the dam was to be 390 feet with areas to be irrigated about 25 lakhs of acres. It was Ch. Chhotu Ram, the leader of the Unionist Party from Rohtak District, who heard of some such plan when he entered the Punjab Council in 1923. He took keen interest in its broad objectives. After having studied its basic implications and being convinced of its extremely beneficial results for a vast part of Haryana region, he started raising questions on the floor of the house. In 1924 he moved a resolution in the council to impress upon the government to take up this project without any further delay. In the same year, after assuming the charge of Minister of Agriculture, Ch. Chhotu Ram asked for the files relating to the Bhakra Dam and himself went to inspect the proposed site. After that, he repeatedly insisted the government to give a practical shape to this important project. On the persuasion of Ch. Chhotu Ram's the agriculturists of Haryana region presented memorandums to the ministers during 1925-27urging them to start this project. As a result of his efforts the Punjab government sent two senior engineers, A.N. Khosla and Kanwarsain to U.S.A. to discuss the design and details of the dam with the engineers of the Bureau of Reclamation. Consequently, on the request of Punjab Govt. an American Dam

चौ० सर छोटूराम चीफ इंजीनियर के साथ भाखड़ा–बाध स्थल का निरीक्षण करते हुये।

HH Raja Anand Chand welcoming Ch. Chhotu Ram, Revenue Minister Punjab for agreement on Bhakra Dam

Expert Mr. Wiley came here and studied the details. He advised the Govt. of Punjab to make a dam of 500 feet height instead of 390 feet.

Inspite of the approval of engineers the work on the dam could not be undertaken because of the objections raised and hindrances placed by the governments of Bombay, Sindh, Punjab and ruler of Bilaspur. But despite the objections, hindrances and delaying tactics on one or the other pretexts by the concerned governments,Ch. Chhotu Ram was committed for the cause of farmers and was successful in appointing a committee of two Superintending Engineers and later a Commission was formed to settle the dispute between the governments of Sind and Punjab. The Commission recommended the payment of Rs. 6 crores to Sind and he got this amount paid to the Sind government during 1944 as compensation.

On Ch. Chhotu Ram's pursuasion, the ruler of Bilaspur H.H. Raja Anand Chand agreed to allow the raising of the Dam on its original site and an agreement was made in November 1944. Thus, the matter came to a close with the signing ofthe document between Raja Anand Chand and Ch. Chhotu Ram, Revenue Minister of Punjab. This mission could be successful only due to the vision, strong will and untiring efforts of Ch. Chhotu Ram.

Ch. Chhotu Ram, signed the approval of Bhakra Dam Project on 08.01.1945, only a day before his death. He also approved the training of a talented Engineer in USA to construct this dam. He wanted an early execution of the Bhakra Dam Project. But alas! Ch. Chhotu Ram did not live to see his dream materializing into reality. Preliminary works commenced during 1946. In October 1963, in a simple but impressive ceremony by Pt. Jawahar Lal Nehru, the then Prime Minister of India, said that this Dam has been built by dedication and unrelenting efforts of Ch. Chhotu Ram for the benefit of mankind and therefore, he is worthy of worship.

जिसने अध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त कर लिया है उस पर काम और लोभ का विष नहीं चढ़ता। –रामकृष्ण परमहंस

The first Prime Minister of India Jawaharlal Nehru inaugurating the Bhakra Dam Project on 17th Nov. 1955 accompanied by the Irrigation Minister Ch. Ranbir Singh Hooda (with turban) and other dignitaries.

Bhakra dam is concrete gravity dam on the Satluj River, which forms the Gobind Sagar reservoir. It is 226 m in height with 9.1m width and length of 518.25m. It is a multipurpose dam for irrigation as well as for generation of Hydroelectricity. It provides irrigation to 10 million acres of fields of Punjab, Haryana and Rajasthan as well as electricity to Himachal and the neighbouring states including Delhi. During its construction period from 1950 to 1960, Bhakra Dam was almost a place of pilgrimage for the Indians. It was the symbol and hope of a New India. A galaxy of illustrious leaders, monarchs and luminaries from the film industry came to Bhakra Dam. Col. Nasser, President of Egypt, Prince Philip (Duke of Edinburgh), Dalai Lama, Actor and producer Raj Kapoor, Actor Dilip Kumar and Actress Meena Kumari graced the project with their visits.

About twenty years ago we, the scientists of Haryana Agricultural University, Hisar along with our families had the opportunity to visit this great dam. It is really a marvelous structure created by man involving the beauty of nature. We were very much impressed to see the fulfill of a dream of strongman, the Messiaha of peasantry, Ch. Chhotu Ram. But we could not find any photo or statue of him over there. A big photo consisting of a galaxy of persons with the first Prime Minister Jawahar Lal Nehru was there on the wall. I could recognize a Kisan Leader and Minister for Agriculture, Ch. Ranbir Singh Hooda, who represented the peasantry as well as their tallest leader Ch. Chhotu Ram for fulfilling his dream. The Govt. of India and Bhakra Management Board should erect a statue of Ch. Chhotu Ram on the Dam side to pay homage to the revered leader. He belongs to all humanity, who has put the Nation on the path of progress, path of green revolution, path of self sufficiency to remove hunger of million people and path of modern technology. He lives in heart of the masses as a source of inspiration for humanity.

My grandparents as well as parents living in village Pakasma, which is very near to Tehsil Sampla and Chhotu Ram's Village Garhi Sampla (Distt. Rohtak), have always been praising the works done by Ch. Chhotu Ram for the upliftment of farmers and poor masses living in the villages. He is remembered by the peasantry as thefirst agrarian reformer and is regarded with much love and respect, for making the peasantry debt free and owner of their own lands. I occasionally travel between Hisar and Delhi. I always salute the statue of Ch. Sir Chhotu Ram erected at Sampla bypass and honouredwith garlands on the occasion of the birth anniversary of this prophet of the farmers and masses, called Deenbandhu and Bhagirath of Bhakra waters to enrich the motherland. I get inspiration and strength to follow his ideals to work for humanity.

In the memory of great leader Ch. Chhotu Ram, a new 64 ft. high tall and attractive statue was unveiled by the Prime Minister Narender Modi ji on October 9, 2018 at Sampla by pass (replacing a similar statute originally unveiled by Haryana Chief Minister Ch. Om Prakash Chautala (on 22nd October, 2004) due to socio political reasons. Prime Minister Modi praised the works done by Ch. Sir Chhotu Ram for farmers and poor people. He further told the huge gathering that former Home Minister Sardar Patel had said that if the iron man Ch. Sir Chhotu Ram would have been living during 1947, there would have been no riots in Punjab at the time of partition of India as he was the leader of all the communities which respected him like a Messiaha. Prime Minister Narender Modi said in a public gathering later on at Rohtak on May 10, 2019 that Ch. Chhtou Ram deserves all the credit for founding the Bhakra Dam Project, which is now a lifeline for water and electricity for Punjab, Haryana, Himachal Pradesh, Chandigarh, Delhi and Rajasthan.

May his memory live long in the hearts of the masses giving inspiration to the generations for upliftment of Humanity and Nation as a whole, by following the ideals of this Great Man.

अगस्त का महीना और अंग्रेज डीसी के कत्ल की दिचलस्प कहानी

हरियाणा के लोगों ने 1857 की क्रांति में बहुत बढ–चढकर भाग लिया था। देश को अंग्रेजी हुकूमत के बोझिल जुए से मुक्त करने के लिए यहां की वीर जनता ने हजारों की संख्या में हंसते–हंसते अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। यह स्वाभाविक ही था कि क्रांति की समाप्ति पर अंग्रेज यहां के लोगों से बदला लें। उन्होंने गांव के गांव जला डाले, हजारों लोग मार दिए, युवक, बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं जो कोई भी मिला उसी पर जुल्म किया। इस दमन चक्र का प्रयोजन यह था कि लोगों में इतना भय पैदा कर दें कि फिर अंग्रेज पर हाथ उठाने का साहस न कर सके, उन्हें इसमें सफलता भी मिली। कोई 20 साल तक अंग्रेजों पर यहां कोई हाथ नहीं उठा लेकिन 6 अगस्त 1877 की रात के समय अंधेरे में एक ऐसी बिजली कौंधी जिसने अंग्रेजों में खौफ फिर से भर दिया। सुबह लोगों को पता चला कि रोहतक के नामी गिरामी डिप्टी कमश्निर एफ ई मूर का रात को किसी ने उनके घर में ही सिर धड से अलग कर दिया। 1857 के बाद पहली बार किसी अंग्रेज के खून से रोहतक की धरती लाल हुई थी। बहुत बडी घटना थी, अंग्रेज तो ऐसे घबराए कि रात को नींद आनी ही बंद हो गई। चारों तक भय का माहौल बन गया।

दुनिया बहुत कष्ट सहती है। बुरे लोगों की हिंसा के कारण नहीं, बल्कि अच्छे लोगों के मौन के कारण। –नैपोलियन

रोहतक से थोडी दूरी पर एक गांव है सुनारिया। वहां का एक बेहद साधारण और गरीब किसान जाट कौम में पैदा हुआ अमर सिंह रहता था। उसी ने रात को डीसी का काम तमाम किया था। दरअसल मूर एक अत्यंत क्रूर स्वभाव का जिद्दी अफसर था। वह किसी की बात नहीं सुनता था। किसानों को तो वो बल्किुल भी पसंद नहीं करता था और वो अक्सर उनके खिलाफ फैसले सुनाने के लिए लालायित रहता था। अमर सिंह का भी एक जमीन का केस लंबित था और अमरसिंह अपने जायज हक के लिए लडाई लड रहा था। उससे उम्मीद थी कि उसे इंसाफ मिलेगा पर मूर ने फैसला उसके खिलाफ देने की जैसे ठान ही रखी थी। अमरसिंह इस फैसले से टूट गया लेकिन उसने फैसला कर लिया कि वह जालिम मूर को छोडेगा नहीं।

6 अगस्त की रात के समय वह अपने गांव से चला। हाथ में गंडासा था। एक पतली सी चादर उसने ओढ रखी थी। सबसे पहले उसने डीसी के घर की दीवार लांघी। मूर को बाहर ही सोने का शौक था और वह चबूतरे पर आराम से चौन की नींद ले रहा था। लगभग कोई चार बजे होंगे जब अमरसिंह ने गंडासे का पहला वार किया। इसके बाद एक के बाद कुल दो प्रहार और किए और मूर की गर्दन धड से अलग कर दी। बंगले में शोर मच गया। लोग व सुरक्षा कर्मी आ गए लेकिन अमर सिंह वहां से भागा नहीं। चेहरे पर संतोष के भाव लिए अमर सिंह ने गंडासा एक तरफ रख दिया था और अपने को गिरफ्तार करने को कहा। अन्याय और बेइज्जती का बदला लेकर वह किसान गर्व के भाव चेहरे पर लिए हुए था।

हिसार के सेंशन जज ने मुकदमा चला। जालिम अंग्रेजों के फैसले कैसे होते थे इसका अंदाजा आप आसानी से लगा सकते हैं कि दो ही दिन में फैसला भी सुना दिया गया। 17 अगस्त को फैसला उच्च न्यायालय के सम्मुख पहुंचा और उस पर तुरंत मोहर लग गई। जज ने अमरसिंह को पागल करार दे दिया था और फैसला भी सुना दिया था अमर सिंह कत्ल का दोषी है। कातिल है और उसे उचित ढंग से मौत दी जाए। अगर अमर सिंह पागल था तो फिर सजा कैसी? और सजा भी अजीब, मौत दी जाए लेकिन उचित ढंग से दी जाए। अमर सिंह को किस तरह मौत दी गई किसी को पता नहीं चला पर पूरे रोहतक में चर्चाएं थी कि उसे बोटी बोटी काट कर मारा गया। अमर सिंह का केस एक तो ब्रिटिश न्याय प्रणाली की पोल खोलता है वहीं उनके सभ्य होने की भी। आज भी रोहतक की कोर्ट के पास मूर की आत्मा देखी जा सकती है।

स्वतंत्रता दिवस विशेषः अगस्त क्रांति जो फिर आजादी के बाद ही रूकी

15 अगस्त 1947 को भारत अंग्रेजों की दास्ता से मुक्त हुआ लेकिन इसके लिए देश के लाखों लोगों को अपनी कुर्बानियां देनी पडी। अनेक आंदोलन भारत के लोगों ने किए और इनमें भाग लेते हुए लाखों लोग हंसते हंसते भारत की आजादी के लिए कुर्बान हो गई। इस महीने हम भारत की आजादी का पर्व मनाएंगे और ऐसे में अगस्त क्रांति को भी याद करना जरूरी है। दरसअल अगस्त क्रांति भारत से ब्रितानी हुकूमत को उखाड़ फेंकने की अंतिम और निणार्यक लड़ाई थी, जिसकी कमान कांग्रेस के नौजवान नेताओं के हाथ में आ गई थी। राष्ट्रपति महात्मा गांधी ने 'करो या मरो' के नारे के साथ अंग्रेजों को देश छोड़ने पर मजबूर करने के लिए देश की जनता का आह्वान किया था। इसलिए इसे 'भारत छोड़ो' आंदोलन के रूप में याद किया जाता है।

देश की जनता उस समय द्वितीय विश्वयुद्ध में भारत को झोंक दिए जाने से ब्रितानी सरकार से नाराज थी। युद्ध के कारण जरूरियात की चीजों की कीमतें आसमान छूने लगी थीं। खाने–पीने की वस्तुओं से लेकर सभी मूलभूत चीजों का टोटा पड़ गया था। हालांकि कांग्रेस के नेता पहले से ही यह जानते थे कि आंदोलन को दबाने के लिए सरकार कोई भी दमनात्मक कार्रवाई करने से बाज नहीं आएगी, क्योंकि द्वितीय वश्वियुद्ध चल रहा था और अंग्रेजों ने उस समय संभावित किसी भी प्रकार के विरोध को दबाने की पूरी तैयारी कर ली थी।

इतिहासकार विपिनचंद्र ने अपनी पुस्तक 'भारत का स्वतंत्रता संघर्ष' में लिखा है कि युद्ध की आड़ लेकर सरकार ने अपने को सख्त से सख्त कानूनों से लैस कर लिया था और शांतिपूर्ण राजनीतिक गतिविधियों को को भी प्रतिबंधित कर दिया था। देश की जनता की मर्जी के खिलाफ भारत को विश्वयुद्ध में झोंक दिए जाने से लोगों में ब्रिटिश सरकार के खिलाफ भारी असंतोष था। महात्मा गांधी इस असंतोष से भलीभांति परिचित थे, इसलिए उन्होंने जनांदोलन खड़ा करने का फैसला लिया।

विपिन चंद्र ने अपनी पुस्तक में एक जगह लिखा है कि कांग्रेस में इस मसले पर मतभेद होने पर महात्मा गांधी ने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा– हमने देश की बालू से हाल में ही कांग्रेस से भी बड़ा आंदोलन खड़ा कर दूंगा। हमने आखिरकार 14 जुलाई, 1942 को वर्धा में कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में आंदोलन शुरू करने का फैसला लिया गया। इसके बाद 8 अगस्त को कांग्रेस के मुंबई अधिवेशन में भारत छोड़ो आंदोलन छेड़ने का प्रस्ताव पास हुआ। महात्मा गांधी ने अपने भाषण में कांग्रस को इसके लिए धन्यवाद दिया। उन्हें भी अंग्रेजों की

जो मनुष्य के साथ दयालुता का बर्ताव नहीं करता, किंतु पूजा का दिखावा करता है, वह ढ़ोगी कहा जा सकता है। –अज्ञात

दमनात्मक कार्रवाई की आशंका थी। इसलिए उन्होंने अपने भाषण में 'करो या मरो' का आह्वान करते हुए जनता पर खुद निर्णय करने और अपना नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंप दी।

तय कार्यक्रम के अनुसार, नौ अगस्त को अगस्त क्रांति का ऐलान किया गया। लेकिन इससे पहले ही ब्रितानी हुकूमत ने कांग्रेस के सारे प्रमुख नेताओं को हवालात में बंद करना शुरू कर दिया। महात्मा गांधी को 9 अगस्त को तड़के गिरफ्तार कर आगा खां महल स्थित कैदखाने में बंद कर दिया गया। लेकिन इससे आंदोलन दबने के बजाय और उग्र हो गया और देशभर में ब्रितानी सरकार के खिलाफ जनाक्रोश उमड़ पड़ा। कांग्रेस की दूसरी पंक्ति के नेताओं और महिलाओं ने आंदोलन की कमान संभाल ली। विपिन चंद्र ने लिखा है कि आंदोलन की बागडोर अच्युत पटवर्धन, अरुणा आसफ अली, राममनोहर लोहिया, सुचेता कपलानी, बीजू पटनायक, छोटूभाई पुराणिक, आर.पी. गोयनका और बाद में जेल से भागकर जयप्रकाश नारायण जैसे नेताओं ने संभाले रखी।

सरकारी आकलनों के अनुसार, एक सप्ताह के भीतर 250 रेलवे स्टेशन और 500 डाकघरों और 150 थानों पर हमले हुए और उन्हें क्षति पहुंचाया गया। जगह–जगह टेलीफोन के तार काट दिए गए और सरकारी दतरों को क्षतग्रिस्त कर दिया गया। आंदोलन जितना उग्र था, अंग्रेजों ने उसका दमन भी उतनी ही क्रूरता से किया। विपिनचंद्र के अनुसार, 1942 के अंत तक 60,000 से ज्यादा लोंगों को हवालात में बंद कर दिया गया, जिनमें 16,000 लोगों को सजा दी गई। ब्रितानी हुकूमत ने आंदोलन को कुचलने की सारी तैयारी कर ली थी। दमनकारी कार्रवाई का अंदेशा कांग्रेसियों को पहले से ही था। इसलिए कांग्रेस ने 9 अगस्त को आंदोलन का आगाज होने से एक दिन पहले स्पष्ट कहा था कि आंदोलन में हस्सिा लेने वालों को खुद अपना मार्गदर्शक बनना होगा। आंदोलनकारी अहिंसा का मार्ग छोड़ हिंसा पर उतर आए और उन्होंने जबरदस्त तोड़–फोड़ मचाकर अंग्रेजी सरकार की चूलें हिलाकर रख दी। मगर खुद गांधी ने भी इस हिंसक आंदोलन की निंदा करने से इनकार कर दिया और अनेक गांधीवादी विचारकों व नेताओं ने हिंसक कार्रवाई को वक्त की मांग बताई।

महात्मा गांधी की रिहाई के लिए पूरी दुनिया में मांग होने लगी। मगर, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री वस्टिंन चर्चिल एक फकीर के आगे झुकने को तैयार नहीं थे। हालांकि ब्रितानी हुकूमत ने आखिरकार 6 मई, 1944 को महात्मा गांधी को रिहा कर दिया। इसके बाद अन्य प्रमुख नेताओं की रिहाई हुई। अंग्रेजों ने भारत छोड़ो आंदोलन को क्रूरता के साथ दबा दिया, लेकिन इस आंदोलन से एक बात तय हो गया कि भारतीयों को अब पूर्ण आजादी के सिवा कुछ और मंजूर नहीं था और आखिरकार अंग्रेजों को महायुद्ध में विजय हासिल करने के बावजूद भारत को आजाद करना पड़ा।

आपातकाल के सबक भूलाए ना जाएं

– कामरेड कृष्ण स्वरूप

44 साल पहले 25–26 जून 1975 को रात के अन्धेरा मे आंतरिक एमरजैन्सी का ऐलान करके देश मे इन्दिरा गान्धी सरकार ने तानाशाही थोप दी गयी थी यह वह घटनाक्रम आज भी कल की घटना लगती है। 26 जून को सुबह 8 बजे तत्कालीन प्रधान मंत्री इन्दिरा गाधी ने समाचारों की जगह सीधा राष्ट्र के नाम सम्बोधन करते हुए कहा, '' देश खतरनाक दौर से गुजर रहा है और देश मे फासस्टिवादी और प्रतक्रियिावादी ताकते विदेशी शह पर राष्ट्र को अस्थिर करने की साजिश रच रही है। उन राष्ट्रविरोधी ताकतों को कुचलने के लिए कुछ समय के लिए आन्तरिक आपातकाल (एमरजैन्सी) लागू की गयी है''। 15 मिनट के राष्ट्रीय प्रसारण के बाद अन्त में प्रधान मन्त्री ने इस राष्ट्रीय सकट की घड़ी में सहयोग का आह्वान करते हुए देश में पूर्ण शान्ति व व्यवस्था बनाए रखने का जनता से आग्रह किया।

मैने फौरन मेरे पड़ोसी गांव सिवानी बोलान की तरफ प्रस्थान किया और मुझे गांव के चौकीदार नीकूराम ने बता दिया था कि आज सुबह बडी संख्या में पुलिस के साथ फतेहाबाद के डी एस पी जय सिह ने कामरेड पृथ्वी सिह को गिरतार करने के लिए छापा मारा था, लेकिन कामरेड साहिब घर नही थे। सिवानी पहुंचकर मैंने सारे घटनाक्रम के बाबत टेक चन्द सरपंच से चर्चा की और हमने फैसला किया कि फौरन साबरवास–सिवानी की सीमा पर चला जाए। एक किसान की झोपड़ी में डेरा जमा लिया और चाय और खाना भी वही उपलब्ध हो गया लेकिन असल स्थिति से अवगत नहीं हो पाये थे।

लम्बे इंतजार के बाद साय साढे पांच बजे रेडियो पाकस्तिान ने समाचार दिया कि अपनी कुर्सी बचाने के लिए इन्दिरा गान्धी ने ''भारत मे हन्गामी हालात नफाज कर दी है और मुल्क के सभी दिग्गज नेताओं को गिरतार कर लिया गया है''। रेडियो पाकस्तिान ने बताया कि बाबू जयप्रकाश नारायण, चौधरी चरण सिह, मोरारजी देसाई, राजनारायण, ज्योर्तिमय बसु, बीजू पटनायक,.पीलू मोदी, सिकन्दर बखत, मेजर जयपाल सिह हजारो नेता जेलों में बन्द कर दिए। अन्धेरा होने के बाद हमने झोपडी को छोड़ दिया और कुम्हारिया गांव की सीमा पर मगत राम लम्बरदार की ढाणी में 24 घन्टे के लिए डेरा लगा लिया। उस ढाणी में बी.बी.सी लन्दन, वायस आप अमेरिका और जर्मन रेडियो से भारत के हालात की काफी जानकारी मिली। यह भी पता चला कि प्रेस पर सेंसर लागू कर दिया गया और सरकार

विरोधी समाचारों पर पाबन्दी लगा दी गयी है और पूरे मुल्क में भय व दमन का वातावरण कायम हो गया। रात को बड़ी सख्या में पुलिस के साथ मेरे मकान को घेर लिया गया और सारे मकान की तलाशी ली गयी। मेरी जगह मेरे पिताजी चौ. रण सिह को पुलिस पकड़कर भूना थाना में ले गयी और शर्त लगा दी कि कृष्ण स्वरुप की गिरतारी के बाद ही इनको रिहा किया जाएगा। मेरे पिताजी ही नहीं बल्कि कामरेड पृथ्वी सिह पूनियां गाव कनोह की माता जी को भी पुलिस थाना मे ले गयी और रात को उसे एएसआई गगाराम ने अपने क्वार्टर पर अपनी मां के पास रखा। पूनिया की मां को उनके भाई ईश्वर मास्टर के गिरतार करने के बाद छोडा था द्य ईश्वर पूनिया और मेरे पिताजी कई दिन थाना में रहे। एक एसएसपी कल्याण रुद्रा भूना थाना में आए और मेरे पिताजी को मेरे को पेश करने के तीन दिन के लिए छोड दिया गया। कामरेड बलबीर सिह ने रात को दो बजे मेरे पिताजी से बात करवाई। मेरे पिताजी ने मुझे बताया कि थाना में मेरे साथ अच्छा व्यवहार किया गया, यहां तक कि मुझे चाय, खाना व हुक्का की भी व्यवस्था है। मैंने कहा कि कामरेड सुरजीत ने कहा है कि गिरतार नेताओं के परिवारो और बच्चों को सम्भालने के लिए बाहर रहना जरूरी है। जमीन जायदाद व पशुओं को निलाम करने की धमकी फर्जी है। मेरे पिताजी ने तीसरे दिन अपना हुक्का, तम्बाकू व गोस्से (उपलों) की पांड के साथ थाने में प्रवेश किया और एसएसपी कल्याण रूद्रा को बताया कि उनकी पार्टी का गिरतार न होने का फैसला है और यहां रहने के लिए अपना हुक्का लेकर आया हूं। कल्याण रूद्रा ने मेरे पितजी से परेशानी के लिए माफी मागी और गगाराम एएसआई (जिसे मुझे पकड़ने की डयूटी थी) को आदेश दिया कि चौ.रण सिह को गाडी में गोरखपुर मे छोड़कर आओ। इतेफाक की बात है कि 26 जनवरी 1992 को राज्यपाल धनिक लाल के कार्यक्रम में बुजुर्ग नेता मनी राम बागडी ने मेरी और डीजीपी कल्याण रूद्रा की मुलाकात करवा दी और मुझे मेरे पिताजी की हिम्मत व व्यवहार के बाबत रुद्रा साहब ने उनकी अच्छी तारीफ की थी। मेरा पिताजी के सहयोग व हिम्मत की वजह से उस आफतकाल में मैं डटा रहा, जिस पर मुझे आज भी बड़ा गर्व है।

चुनाव रद्द होने के कारण लगी थी एमरजैन्सीः सोशलस्टि नेता राजनारायण की चुनाव याचिका पर इन्दिरा गाधी का रायबरेली से चुनाव 12 जून 1975 को रद्द हो गया था और उसको 27 जून तक अपील का समय दिया गया था, जिसकी अवधि पूरा होने से एक दिन पूर्व 26 जून को आपातकाल लागू कर दिया था। आपातकाल में सारी लोकतान्त्रिक सस्थाओं और जनवादी अधिकारों को पंगू बना दिया गया था। खुद राजनारायण, ज्योर्तिमय बसु व जार्ज फर्नाडिस जैसे बडे नेताओं को हिसार मे रखा गया था। विश्वविख्यात पत्रकार कुलदीप नैयर जैसे नेता भी जेलों में रहे थे। मुझे गिरतार न कर पाने से परेशान सरकार ने मुझे 10 नम्बरी ईश्तिहारी मुजरिम घोषित करके थाना भूना की सूची बदमाशान में शामिल कर लिया गया था। इस बदमाशान सूचि से मेरा नाम 1978 गांव का सरपन्च बनने के बाद ही हट पाया था।

18 महीने का फरारी जीवन व उसकी शिक्षाः मेरे निकट सहयोगी कामरेड पृथ्वी सिंह गोरखपरिया 26 जून 1975 को सुबह ही गिरतार लिए गये थे और उनको दी ट्रिब्यून के कश्मीरी पत्रकार एम एल काका, मनीराम बागडी, नन्दकिशोर सोनी, लाला बलवन्तराय तायल, धर्म सिह कासनी, हीरानन्द आर्य, शकरलाल, सहित अनेक नेताओं के साथ हिसार जेल में रखा गया। पुलिस की नजरों से बचकर 18 माह तक जनता के बीच रहना और उनका विश्वास जीतना काफी बडी उपलब्धि थी। उस दौर में ज्यादातर समय कर्मचारी नेताओं के ठिकानों पर रहकर गुजारा था। कभी किसी ने निजी लाभ के लिए गिरफ्तार करवाने की भी कभी नहीं सोची। यहां तक सी.आइ. डी.के सब इन्सपेक्टर राव मोहर सिह और ए एस आई गगाराम जैसे भले आदमियों से भूमिगत दौर में वास्ता पडा था, जिनका आचरण काफी मानवीय था।

आपातकाल के सबक को हमेशा याद रखेः 44 साल बाद हमे यह नही भूलना चाहिए कि आपातकाल के हालातों को दोबारा से हमें हर समय भुगतना पड रहा है। दुनिया का इतिहास इस बात का गवाह है कि जब भी कोई शासक राजनेता लोकप्रियता के चरम पर पहुँच जाता है, वह अपनी कुर्सी बचाने के लिए हमेशा गैर लोकतान्त्रिक रास्तों का सहारा लेता है। हर तानाशाह संवैधानिक सस्थाओं को कमजोर करने का हर समय प्रयास करता है। सस्थाओं की रक्षा करना सबसे बडा आज के दौर का सबक है।

नहीं रहे नासा के स्पेस एडमिनस्ट्रेशन विभाग के प्रमुख पद पर रहने वाले इकलौते हरियाणवी

भारतीय मूल के विश्व विख्यात वैज्ञानिक डॉ. जगजीत सिंह का 93 वर्ष की आयु में अमेरिका में निधन हो गया, अंतिम संस्कार 16 जुलाई को पूरे राजकीय सम्मान के साथ हिंदू रीति रिवाज से किया गया। ज्ञातव्य रहे कि डॉ. जगजीत सिंह अमेरिका के प्रख्यात शोध केंद्र नासा में स्पेस एडमिनस्ट्रेशन के प्रमुख वैज्ञानिक रह चुके थे तथा अपने जीवन के अंतिम दौर में भी वे नासा के वैज्ञानिकों का सहयोग एवं मार्गदर्शन करते रहे। उनके निधन से पूरी दुनिया में

शोक की लहर फैल गई है। भारत में भी उनकी मृत्यु से पूरा देश स्तब्ध है। डॉक्टर जगजीत का जन्म हरियाणा के झज्जर जिले के गांव भापड़ौदा के किसान परिवार में 20 मई 1926 में हुआ। उनके पिता का नाम शुभ राम और माता का नाम धनकौर था। सन 1943 में उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा लायलपुर (अब पाकिस्तान) से प्राप्त की तथा पूरे संयुक्त पंजाब में प्रथम स्थान प्राप्त किया और छात्रवृत्ति पाई। इन्होंने अपने विज्ञान स्नातक एवं स्नातकोत्तर की डिग्री पंजाब विश्ववद्यिालय से की। तत्पश्चात उन्होंने न्यूक्लीयर फिजक्सि में पीएचडी लिवरपूल यूनिवर्सिटी इंग्लैंड से प्राप्त की। वह बहुत ही प्रतिभावान एवं कुशाग्र बुद्धि के विद्यार्थी थे। पंजाब विश्ववद्यिालय से उन्होंने लगातार 1943–47 तक छात्रवृत्ति प्राप्त की। वेस्ट वर्जीनिया स्टेट यूनिवर्सिटी में 1965 तक एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में सेवाएं दी। कॉलेज ऑफ द विलियम्स एंड वेरी में 1965 से 67 तक अध्यापन कार्य किया। सन 1972 से 1998 तक ओल्ड डोमिनियन यूनिवर्सिटी में फिजक्सि के प्रोफेसर के रूप में कार्यरत रहे। इस दौरान 16 विद्यार्थियों को एमएस और पीएचडी के लिए गाईड किया। नासा में विरष्ठ शोध वैज्ञानिक के रूप में लैंगली शोध केंद्र से 1978 तक जुड़े रहे। 1978 से 1994 तक इंस्ट्रूमेंट रिसर्च डिवीजन में चीफ साईटिस्ट के रूप में कार्य किया। सन 1994 से 1998 तक एक्सपेरिमेंटल एंड टेक्नोलॉजी डिवीजन में मुख्य वैज्ञानिक के रूप में कार्य किया। जबकि 1998 से 2000 तक नासा लैंगली रिसर्च सेंटर के शोध निर्देशक के रूप में कार्य किया। डॉक्टर सिंह की 246 साइंटिफिक रिसर्च पेपर प्रकाशित हुए, दुनिया के 30 प्रमुख शोध संस्थानों में उन्होंने अपने भाषण दिए, 50 विज्ञान और अभियांत्रिकी पर आधारित पुस्तकों की समीक्षा की, एनवायरमेंट एंड एयरोस्पेस मैनेजमेंट साईंस पर आधारित दो पुस्तकों का संपादन किया, दो राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन की अध्यक्षता की, डॉक्टर जे.जे. सिंह को नासा अपोलो अचीवमेंट अवॉर्ड, नासा लैग अवॉर्ड, नाशा स्पेशल ग्रुप सर्टिफिकेट मोमेंट अवॉर्ड, 6 टेक्नोलॉजी यूटिलाइजेशन अवॉर्ड, 5 यूनाइटेड स्टेट सिविल सर्विस तथा आउटस्टैंडिंग प्रोफेशनल्स अवॉर्ड प्राप्त किए, इसके अलावा 10 यूनिवर्सिटी स्टेट पेटेंट्स आपके नाम से है इसके साथ ही 2004 में आपको अमेरिका में मेडल ऑफ ऑनर तथा फेम फॉर आउटस्टैंडिंग लीडरशिप 2005 में सम्मानित किया गया, 2005 में इंटरनेशनल अवार्ड ऑफ द मेरिट कैम्ब्रिज यूके में आपको प्रदान किया गया। डॉक्टर जगजीत सिंह ने न्यूक्लीयर फिजक्सि शोध पूर्ण कर इंग्लैंड से वापस भारत आए। भारत आने के बाद उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू से मुलाकात की और अपने देश में ही न्यूक्लीयर लैब स्थापित कर शोध का प्रस्ताव किया। जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें देश की खराब आर्थिक स्थिति का हवाला देकर असमर्थता जाहिर की। इसके बाद डॉ. सिंह ने अमेरिका की ओर रूख किया। जहां उन्होंने पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन किया अंतिम समय में उनकी इच्छा अपने देश की सेवा करने की रही उन्हें अपने गांव और अपने देश के प्रति गहरा लगाव था। महत्वपूर्ण पद पर होने के बावजूद भी वे भारत आते जाते रहते थे। उन्होंने अपने पैतृक गांव भापड़ौदा में अपना फार्म हाउस बनवा रखा था। जहा पर वे आकर रुकते थे तथा ग्रामीण युवाओं को कड़ी मेहनत और लग्न से पढने के लिए प्रेरित करते थे। उनका मानना था कि भारतीय युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन उचित मार्गदर्शन और सुविधाएं न मिलने से वे पिछड़ जाते हैं। डॉ. सिंह आजीवन अविवाहित रहे तथा उनका कहना था कि उन्होंने तो वज्ञिान से ही शादी कर ली थी।

Demographic Dividend or Disaster

R.N. Malik

India is already an overpopulated country. According to 2011 census, India's population on 1.4.2011 was 122 crore with an annual increase of 1.8 crore. With that rate of growth, Indian population would be 140 crore in 2021 and 158 crore in 2031. (Presently the figure is nearly 137crore.) Meanwhile, a U. N. report released on 18th June warns that India will be overtaking China in population count (150 crore) by the year 2027 and would become the most populous country of the world. So Malthusian theory is already at work and has entered the critical phase of straining the already scarce resources of the country. An addition of 1.8 crore new babies (almost equal to one Australia) annually will make the social and economic life of people extremely chaotic in the years to come. Therefore need for drastic control of bludgeoning population has become a national emergency.

The adverse impact of over population in the country is already on display. Heart wrenching and dehumanizing poverty is the principal outcome. Accordingly 26 crore people are languishing below poverty line and an equal number (called marginally poor people) are subsisting just above poverty line and lead a hand to mouth livelihood. Besides this, overcrowding at public places, paralysis of health care system, malnutrition of young children (recall deaths in Mujjafarpur hospitals) slums, insanitation, massive unemployment , deprivation of basic essential facilities like drinking water supply, haphazard growth of urban areas, conflicts, choking air pollution, climate change,

दूसरों के अनुभव से होशियारी सीखने की मनुष्य की इच्छा नहीं होती, उसको स्वतंत्र ठोकर चाहिए। –विनोबा भावे

rising crime graphs, end of plenty etc are the other signatures or negatives of this malady. 52 crore people (1.5times the population of America) constantly grappling with poverty is a painful spectacle and a big blot on the fair name of a respectable country. Barring four northern states, vast stretches of poverty are omnipresent in every state. As a result, India occupies 134th place in the U. N. list of Human Development Index. More so ,India still carries the tag of being an underdeveloped country even after 70 years of Independence.

All this is happening because successive govts paid little attention towards controlling exponential growth of population. India would have been in a fairly comfortable position even with existing level of infrastructure had her population been 80 crore by now (population in 1985).Very strangely, our learned Prime Minister still glorifies likely demographic disaster as demographic dividend.

Now imagine the future scenario in the country for the year 2031when Indian population would be around 158 crore-a really frightening figure. 60 crore people would be mushrooming in already congested cities and one billion people in villages that are already bursting the seams. Further expansion of boundaries would be at the cost of already shrinking agricultural lands. Water, the scarcest resource, would become the rarest commodity and be available at a premium thus affecting agricultural productivity substantially. Vast army of unemployed impetuous youths will grow in size and may lose their patience to create anarchical environment. Will the country be able to accommodate or sustain additional 21 crore people during next twelve years without affecting basic facilities needed for a healthy growth of human body. The answer is clear No. Miseries will not end here but prolong for an indefinitely long period to end in a disaster. According to U.N. model, Indian population will rise to 1.70 billion by 2060 and only then stabilize.

The only narrative of the present new government on economic front is to develop India into a 5.0 trillion dollar economy by 2024. (Present worth is 2.8 trillion dollars), This is a very tall order because you require G. D. P. to grow at a steady rate of 12% during next five years to lift it from the present fledgling rate of 5.8%.The Prime Minister has not bothered to outline the technique to achieve this humongous milestone in the absence of a precise road map.

No country in the world has attained prosperity and required human development index without putting brakes on its bludgeoning population. China did it in 1978 and adopted one child policy and consequently her population will come down to 140 crore by 2050 as per U.N. Her ultimate target is to bring the population down to 100 crore report. She was lagging behind India in all economic parameters till 1978. Now see the difference in the economic prosperities of the two countries. Similarly take the case of America. Her population was 17 crore in 1964. Now it is 33 crore in 2019 i.e. an increase of 16 crore (including arrivals of immigrants) in 55 long years against 18 crore in one decade in India. 20 countries are presently in the process of achieving negative growth. Population of Spain (4.7 crore) declines by one lac per year and that of Japan (13 crore) by one million per year.

Therefore Indian government is living in a fool's paradise to believe that she can make India a developed and prosperous country without recourse to drastic measures to bring down the population growth rate to a maximum of two crore per decade. Let us also not forget that 65% population of India is below the age of 45 years- an indicator pointing towards creating a vast army of unemployed youths. Secondly 80% pregnant mothers belonging to lower inome groups are anaemic and new borne babies are bound to have congenital deficiencies and stunted growth.

Now the Honourable Prime Minister has echoed the slogan of New India again at a very high decibel in the first session of the new Parliament. But the issue of decelerating population growth does not find any mention either in the Presidential address or the two speeches made by P.M. in the Parliament. Opposition members are equally guilty for not raising this issue either. Both Planning Commission and NITI AYOG are to be equally blamed for not advising respective governments to take drastic measures to control population growth to a safe or sustainable level. As usual, the warning of U.N. report has gone unheeded throughout the country.

Let us assume that government is able to boost 12%growth to achieve the target of building 5 trillion dollar by 2024 and 8.8 trillion dollar economy by 2031.Even then demographic disaster will loom large because of many contingent factors like limits to growth imposed by limited resources (particularly water), overcrowding, increasing incidence of morbity (14 lac new cases of cancer are coming up every year.), unequal distribution of wealth, malnutrition among children, shrinking agricultural land per family etc. Things are going to fall apart because no government, however efficient, can manage governance of a country whose population increases by 18 million every year. But the million dollar question is what is the harm if population control measures are taken up simultaneously with the economic march of the Govt. It only needs to take two simple measures I. e. aggressive education and awareness campaign and introducing a system of incentives and disincentive. For example, the government freebies may be doled out to only planned families. These two measures will yield wonderful results because most pregnancies in lower income groups are involuntary. The Indian conundrum is that those who should produce more are producing less and vice-versa.

Why government of the day is so insensitive to tackle this Amazonian problem by taking the aforesaid measures is beyond comprehension. Probably the Govt has an inherent phobia to think that introducing a system of disincentives may affect the election prospects of the ruling party. (Now Sh. Rakesh Sinha, BJP M.P. Rajya Shaba and member of R.S.S. think tank has taken upcudgels to table the Population Regulation Bill. Neither the media has extolled his efforts nor the political class talks about it. Accordingly the fate of the bill is thoroughly uncertain.) Now the ball lies in the court of the people to do something to avoid this impending dreadful disaster which is already in progress due to continuing implosion of population bomb. They have to realise that India is in now or never position to defuse the population bomb and the Govt. of the day will continue to remain insensitive towards this burning problem because of its vote bank politics philosophy.

अब हम स्मृति-लोप के ही शिकार हैं?

– डॉ0 धर्मचन्द्र विद्यालंकार

''वे अज्ञान को ही परम ज्ञान समझते हैं। उनकी प्रत्यक्ष भौगोलिक यर्थाथ की जानकारी शून्य है, पिफर भी वे क्रौंच और मधु एवं क्षीर–सागरों की कल्पना अपने पुराणों में करते हैं। उन्हें अपने आसपास के पडौसी परिवेश तक की ठीक से जानकारी नहीं हैं। फिर भी वे स्वयं को ही ब्रह्मज्ञानी मान बैठे हैं। जो कुछ थोडा–बहुत ज्ञान उनको ज्योतिष अथवा नक्षत्रा विज्ञान और वैद्यक का है। उसको भी वे किसी और को देना उचित नहीं समझते।''

उपर्युक्त टिप्पणी भारतीय पण्ड़ितों की कूपमंडूकता को लेकर प्रथम भारतविद् अल्बेरुनी की है जोकि ज्योतिष और भूगोल का विद्वान था और ग्यारहवीं शताब्दी के आरंभ में मुहम्मद गजनवी के साथ भारत आया था। उसने सारे ही भारतवर्ष का भ्रमण किया था और यहाँ की भौगोलिक स्थानों की दूरी और स्थिति के बारे में पहली बार सही–सही जानकारी विश्व को दी थी। हालांकि वह मूलतः नक्षत्रा विज्ञानी ही था।

